# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल–एसएसबी के 61वें स्थापना दिवस पर बल के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी में आयोजित एसएसबी के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री शाह ने बल के शौर्य और पराक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड को नक्सलमुक्त बनाने में एसएसबी का विशेष योगदान है।

*****************

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है। समिति में लोकसभा के 27 सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य हैं। आज जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तब कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 129वां संविधान संशोधन विधेयक– 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी। समिति में अन्य सांसदों के अलावा झारखंड से भाजपा सांसद विष्णु दयाल राम और कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत भी शामिल हैं।

*****************

मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने विशेष पहल की है। इस सिलसिले में राज्य में मडुवा उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार की ओर से दी जा रही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि राज्य के 14 सौ किसानों के खाते में तीन–तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से भेज दी गयी है।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा की आठवीं कडी अगले महीने आयोजित होगी। कार्यक्रम के लिए माई जीओवी पोर्टल पर 14 जनवरी तक पंजीकरण कराया जा सकता है। पंजीकरण के दौरान विद्यार्थी अपनी पसंद के प्रश्न, जो वे प्रधानमंत्री से पूछना चाहते हैं, जमा करा सकते हैं। लेकिन ये प्रश्न परीक्षा के तनाव, करियर और जीवन में भावी आकांक्षाओं के बारे में होने चाहिये। इससे पहले, कार्यक्रम के 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से उन्हें बच्चों से बात करने का एक अवसर मिलता है।

*****************

दुमका जिले में क्रिसमस, संताल परगना **जोनोम माहा** यानी संताल परगना स्थापना दिवस और नए साल का जश्न मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में आज बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल होने के कारण 21 और 22 दिसंबर को विभिन्न क्षेत्रों में घना कुहासा छाया रहेगा। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बादल छाने के साथ ही न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जायेगी।

**********************